# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-सी सी /06 दिनांक : 6 नवंबर 2023

## <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## <u>बीडीएल ने किया 'विक्रेता मिलाप' का आयोजन</u>








बीडीएल में दि. 06 नवंबर, 2023 को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत एक विक्रेता मिलाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उद्यम की कंचनबाग इकाई के परिसर में आयोजित इस बैठक में लगभग 160 विक्रेताओं ने भाग लिया।

बैठक का शुभारंभ करते हुए डॉ.उपेंद्र वेन्नम, आईपीओएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, बीडीएल ने उपस्थित सभी विक्रेताओं को 'नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठ प्रतिज्ञा' दिलायी।

साथ ही, विक्रताओं को अद्यतन जानकारी देते हुए एकता समझौता व अन्य अनिवार्य प्रावधान सहित बीडीएल में उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों पर प्रस्तुतियाँ दी गईं।

कार्यक्रम के अंतर्गत कार्य-स्थल पर देशीकरण के लिए प्रस्तावित घटक व उप-असेंबली की एक प्रदर्शनी का भी अ◌ायोजन किया गया ताकि विक्रेताओं को देशीकरण के लिए प्रस्तावित वस्तु और बीडीएल में उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों के बारे में प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर उपस्थित कमोडोर ए माधवाराव (से.नि), सीएमडी, एन श्रीनिवासुलू, निदेशक (वित्त), डॉ. उपेन्द्र वेन्नम, आईपीओएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, जे के खन्ना, आईपीएस (से.नि) स्वतंत्र बाहरी अनुवीक्षक, ए शेषगिरी राव, आईआरएसएसई (से.नि), स्वतंत्र बाहरी अनुवीक्षक, कमोडोर गिरीश रघुनाथ प्रधान (से.नि.) अधिशासी निदेशक (कंचनबाग इकाई) और बीडीएल के महाप्रबंधकों ने विक्रेताओं के साथ बातचीत की।

**----XXX---**